मैं दीवाना प्रभु नाम का

प्रभु चरणों में अर्पण ना हो वो जीवन किस काम का,
है सतगुरु मेरे परम पूज्य मैं दीवाना प्रभु नाम का,
दीवाना प्रभु नाम का, दीवाना प्रभु नाम का,
प्रभु चरणों में अर्पण ना हो वो जीवन किस काम का...

सब कुछ झूठा इस दुनिया में प्रभु नाम ही उत्तम है,
छवि बसी है सीने में मेरे सतगुरु नाम ही उत्तम है,
श्री चरण में छाया में मिलता सुख चारों धाम का,
है सतगुरु मेरे परम पूज्य मैं दीवाना प्रभु नाम का....

रंग चढ़ा भगति का ऐसा, सतगुरु के हम प्यारे हैं,
भक्ति के रंग में रंग जाते ये पहचान हमारी है,
मैं तो जपु सतगुरु की माला चाहा नहीं परिणाम का,
है सतगुरु मेरे परम पूज्य मैं दीवाना प्रभु नाम का....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27760/title/main-diwana-prabhu-naam-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |